भारत सरकार

शिक्षा मंत्रालय

उच्चतर शिक्षा विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या-1071

उत्तर देने की तारीख-29/07/2024

राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) के उत्तरदायित्व

†1071. **श्री गिरिधारी यादव:**

श्री दिनेश चंद्र यादव:

क्या **शिक्षा** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) के उत्तरदायित्वों का ब्यौरा क्या है;

(ख) एनटीए के वर्तमान सदस्यों का ब्यौरा क्या है;

(ग) एनटीए के वार्षिक बजट का ब्यौरा क्या है;

(घ) क्या यह सच है कि एनटीए अपनी स्थापना के लक्ष्यों को पूरा नहीं कर रहा है; और

(ङ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

शिक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री

(डॉ. सुकान्त मजूमदार)

(क) से (ड.) एनटीए के उत्तरदायित्वों में उच्च शिक्षा संस्थानों में प्रवेश के लिए उम्मीदवारों की योग्यता का आकलन करने हेतु कुशल, पारदर्शी और अंतर्राष्ट्रीय मानकों के परीक्षण आयोजित करना शामिल है।

वर्तमान में, एनटीए की आम सभा की संरचना निम्नानुसार है:

i. अध्यक्ष: वर्तमान अध्यक्ष एक शिक्षाविद् तथा यूपीएससी के पूर्व अध्यक्ष हैं।
ii. महानिदेशक, एनटीए: पदेन सदस्य।
iii. आईआईटी के तीन निदेशक अपनी पदेन क्षमता में जेईई (एडवांस्ड) के वर्तमान, पूर्ववर्ती तथा उत्तरवर्ती अध्यक्षों के रूप में सदस्य।
iv. एनआईटी के दो निदेशक अपनी पदेन क्षमता में केंद्रीय सीट आवंटन बोर्ड (सीएसएबी) के वर्तमान तथा पूर्ववर्ती अध्यक्षों के रूप में सदस्य।
v. आईआईएम के दो निदेशक अपनी पदेन क्षमता में कैट के वर्तमान तथा पूर्ववर्ती अध्यक्षों के रूप में सदस्य।
vi. आईआईएसईआर, पुणे के निदेशक सदस्य के रूप में।
vii. जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय के कुलपति सदस्य के रूप में।
viii. परीक्षण के क्षेत्र से तीन विशेषज्ञ।

सरकार के निर्णय के अनुसार, एनटीए को अपना संचालन शुरू करने के लिए 25.00 करोड़ रुपये का एकबारगी अनुदान स्वीकृत किया गया था। इसके बाद, एनटीए अपने संचालन में वित्तीय रूप से आत्मनिर्भर है।

वर्ष 2018 में अपनी स्थापना के बाद से, एनटीए ने 5.4 करोड़ से अधिक उम्मीदवारों को शामिल करते हुए 240 से अधिक परीक्षाएं सफलतापूर्वक आयोजित की हैं।

*****